विश्व पर्यावरण दिवस | विभिन्न सामाजिक संगठनों के बैनर तले निकालीं गईं भव्य जागरूकता रैलियां

हरित जीवन के संदेश के साथ लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवभारत,जबलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती महाकौशल प्रांत एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लगभग चार सौ लोगों की सहभागिता से निकली रैली ने शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, वृक्षारोपण एवं स्वच्छ जीवनशैली का प्रभावी संदेश दिया। इस दौरान रैली में आरोग्य भारती के पदाधिकारियों, गायत्री परिवार के सदस्यों, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पर्यावरण संरक्षण के नारों और जनजागरण संदेशों के साथ निकली यह रैली शहर में आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन एवं पौधारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर आरोग्य भारती की प्रांत सहसचिव एवं कार्यक्रम की सह संयोजिका अनीता मिश्रा ने धन्वंतरि स्तवन का पाठ कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया।

रैली अहिंसा चौक, एकता चौक एवं सनातन चौक से होते हुए विशाल तिकोना शिव पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। मार्गभर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र जामदार ने पंच परिवर्तन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण अनिवार्य है। उन्होंने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के बहिष्कार का संकल्प लेने का आह्वान किया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आज

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नागरिकों से 6 जून को आयोजित होने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का लाभ लेने की अपील की।

बच्चों और महिलाओं की रही सहभागिता

पर्यावरण जागरूकता रैली में संख्या में बच्चे और महिलाओं ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता जताते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्षद कमलेश अग्रवाल, सोनिया रंजीत सिंह, अर्चना सिसोदिया, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कैप्टन डॉ.

महर्षि विद्या मंदिर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महर्षि महेश योगी की कृपा एवं महर्षि संस्थान के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा के आशीर्वाद से महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा हरित वातावरण के महत्व पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय, महर्षि विद्या मंदिर विजयनगर की प्राचार्या प्रियंका पांडेय एवं नेपियर टाउन ब्रांच के प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस मौके पर प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह प्रकृति संरक्षण में योगदान दे। इसी क्रम में स्टाफ सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय को एक पौधा भेंट किया, जो हरित जीवनशैली का प्रतीक रहा।

कैंट विधानसभा के मंडलों में पौधरोपण

कैंट विधानसभा में विधायक अशोक रोहाणी के निर्देशन में विभिन्न मंडलों में व्यापक वृक्षारोपण हुआ। इस दौरान पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के पीएमश्री शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, सिविल लाइन, छत्रपति शिवाजी मंडल के खंबताल, सदर, शहीद भगत सिंह मंडल के कोतवाल पार्क, रांझी एवं वीर सावरकर मंडल के पचमठा मंदिर, अधारताल में कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लेकर नागरिकों से प्रकृति की रक्षा का आग्रह किया गया।

पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने सभी शाखा अधिकारियों एवं उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वही जबलपुर रेल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को केवल एक अभियान के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास की निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाया गया है।

पेड़ तभी लगाएं जब उनकी सुरक्षा कर सकें : मिताली बैनर्जी

विकलांग सेवा भारती में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था की एड. शुभांकोरी बैनर्जी, सचिव मिताली बैनर्जी और प्राचार्य राकेश शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिताली बैनर्जी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

जीसीएफ में रोपे गए पौधे

गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ), जबलपुर में अस्थायी मुख्य महाप्रबंधक राहुल चौधरी के नेतृत्व में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैक्ट्री परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अधिकारी अवनीश ओझा, अचल कुमार, संदीप राव ,प्रभाकर दुबे ,धीरज साइनाथ के साथ यूनियन एसोसिएशन के रोहित यादव, अजय रजक ,राकेश रजक ,सिद्धार्थ ,राजेश जम्बुलकर, नीरज त्रिपाठी इत्यादि लोग शामिल थे।

महाराष्ट्र कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

तापमान वृद्धि, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का चेतनाविहीन दोहन संपोषित विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधक हैं, उक्त उद्गार महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में सचिव महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल प्रमोद दिवाकर पाठक ने व्यक्त किये । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने वर्तमान वर्ष की थीम 'प्रकृति से प्रेरित जलवायु , मनुष्य जीवन एवं भविष्य के लिए' पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें हर हाल में प्रकृति एवं प्राकृतिक साधनों को बचाना ही पड़ेगा नहीं तो जीवन अत्यन्त ही भयावह हो जाएगा। इस अवसर पर सचिव, प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में नीम एवं पीपल का पौधरोपण किया गया एवं वनस्पति संरक्षण का संकल्प लिया गया।

आईटीआई में हुआ पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के उद्देश्य से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के लिए पिट निर्माण कार्य भी किया गया। साथ ही संयुक्त संचालक जबलपुर बी.एस. पनिका एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला के मार्गदर्शन में परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अमित आहूजा, प्रशिक्षण अधीक्षक, प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुलौआ चौक स्थित ब्लू बॉटल परिसर में कल्पवृक्ष फाउंडेशन, भारतीय योग संस्थान एवं वी मॉर्निंग वॉकर्स के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लगभग 10 पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा हरित आवरण बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

हितकारिणी स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस

शुक्रवार 5 जून को हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला गोरखपुर में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ तथा हरित बनो, स्वच्छ रहो जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले हस्तनिर्मित पोस्टर एवं प्लेकार्ड भी प्रदर्शित किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण के महत्व तथा उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रेरणादायक भाषण चित्रा परिहार प्राचार्य, रवि शंकर चौबे उप प्राचार्य व अर्चना बख्शी के द्वारा प्रस्तुत किए गए।

रोगियों को वितरित किए गए तुलसी, नीम के पौधे

शासकीय आयुर्वेद औषधालय महाराजपुर में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आए समस्त रोगियों को तुलसी, नीम, जामुन, पीपल आदि औषधीय पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ सत्येंद्र सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी महाराजपुर द्वारा रोगियों व जनसामान्य को औषधीय पौधों के महत्त्व व औषधीय पौधों के रोपड़ हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान अनिता सिंह कंपाउंडर, वंदना बान पी टी एस व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

150 पौधों का किया गया रोपण

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् लॉर्डगंज शाखा चंदना संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पिसनहारी मढ़िया जी एवं गुरुकुल में लगभग 150 पौधों का पौधा रोपण किया गया।

विदित हो कि पिछले 1 वर्ष में लार्डगंज शाखा 500 पौधों का पौधारोपण कर चुकी है । पौधारोपण अमरूद ,जामुन आम, अनार ,तुलसी, गिलोय, एलो वेरा, नीम , बरगद, आदि पौधों का किया गया। । लार्डगंज शाखा द्वारा मढ़िया जी में वाटर कूलर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में प्रांतीय सलाहकार रानी जैन ,शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल ,सचिव संजना, कोषाध्यक्ष भानुप्रिया, सुनीता मैक्स, ज्योति बिग बॉस ,अंजलि ,अक्षरा, राशि, भावना, रचना ,रंजना, कल्पना शोभा ,उपस्थित रही।

कथक नृत्य ने किया मोहित

नवभारत, जबलपुर। त्रिविधा कथक नृत्य संस्था की निदेशक नृत्य गुरु नीलांगी कलंत्रे के संयोजन में कथक पर आधारित 'आवर्तन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संतोष गोडबोले, डॉ. अभिलाष पांडे विधायक एवं सहित्यकार राजेश पाठक प्रवीण शामिल थे। समारोह में सर्वप्रथम गणेश वंदना की भावप्रधान प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात तीन ताल, झपताल, चतरंग एवं तरंग नृत्य के द्वारा विभिन्न लयों जैसे तीश्र, चतुश्र एवं खंड जाती का वर्णन किया गया। नन्हे-मुन्ने कलाकारों द्वारा कठपुतली नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ. नेहा जैन ने कालिया दमन कथानक पर आधारित नृत्य से मन मोहा। इसके पश्चात गुरु कलंत्रे द्वारा एक पद 'प्रीत करी' एवं 'गीत गोविंद' की आकर्षक प्रस्तुति दी। समारोह में कलाकार पारुल, अनुराधा, राघवी, वाणी, शौर्या, इंद्रिका, रिधिमा, अन्वी, ?अनुश्वी शामिल थे। संचालन डॉ. सरिता यादव ने किया। समारोह में शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सहभागिता रही।

महाकोशल कॉलेज में जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता

नवभारत,जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना था। विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन और सतत विकास जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता से आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार है और युवा पीढ़ी के जागरूक होने से भविष्य सुरक्षित होगा।

प्रतियोगिता में संस्कृति सराफ ने प्रथम, सुरभि पटेल ने द्वितीय तथा मान्या कलसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। इस आयोजन में विभिन्न संस्थानों के प्राध्यापक और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माता गुजरी कॉलेज से डॉ. राकेश तिवारी, आदित्य कॉलेज से डॉ. हेमा तिवारी और हितकारिणी लॉ कॉलेज से डॉ. भावना वर्मा और डॉ. यामिनी मिश्रा उपस्थित रही।

पौधरोपण | पर्यावरण संरक्षण की ली गई शपथ

महाप्रबंधक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जबलपुर, नवभारत। विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसी क्रम में भारतीय रेल एवं पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा भी विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन — धरती माँ की चुनौतियाँ निर्धारित की गई है। इस अवसर पर भारतीय रेल के निर्देशानुसार पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में 15 मई से 5 जून तक पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत स्वच्छ स्टेशन, प्लास्टिक प्रदूषण में

कमी, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम संचालित किए गए। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के समापन अवसर पर 5 जून को पर्यावरण संरक्षण शपथ समारोह तथा रेल सौरभ कॉलोनी में बृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यालय में आयोजित शपथ समारोह में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव सकारात्मक बदलाव अपनाए जाएंगे तथा परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी पर्यावरण-अनुकूल आदतों और व्यवहारों के प्रति निरंतर प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम. विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय के सभी विभागों में अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को भी पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

सौरभ कॉलोनी में भी हुआ बृहद पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ऋचा सिंह एवं अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने रेल सौरभ कॉलोनी में पौधारोपण कर हरित पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरमुखी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम. विजय कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर आदि मौजूद थे।

कायस्थ महासभा द्वारा पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

नवभारत, जबलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और हरित भविष्य का संकल्प लिया गया। लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और संरक्षण का संदेश देकर जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष मनीष खरे, एड. राहुल श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, दीपांशु श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, अर्पिता श्रीवास्तव सहित महासभा

अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में पौधरोपण

नवभारत, जबलपुर। अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में पर्यावरण संरक्षण व हरित भविष्य के संकल्प के साथ विशेष वृक्षारोपण हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, डायरेक्टर डॉ. शोभित बड़ेरिया, सीईओ डॉ. पुनीत मेहता, डायरेक्टर निलेश रावल सहित वरिष्ठ चिकित्सकों व अधिकारियों ने पौधारोपण कर संदेश दिया। प्रत्येक चिकित्सक ने पौधा लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य और पर्यावरण के गहरे संबंध के प्रति समाज को जागरूक करना था।